# भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम: डॉ. रोहित दत्त

अंबाला हलचल

**अबांला**। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी में एन.एस.एस. प्रकोष्ठों द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी संकल्प हस्ताक्षर अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान में कॉलेज के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को अपने जीवन का मार्गदर्शन सिद्धांत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा- फ्रभ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। आज के युवा ही कल के भारत का भविष्य हैं। यदि छात्र जीवन से ही हम सब ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिकता को अपनाते हैं, तो एक सशक्त और भ्रष्टाचार-मुक्त भारत का निर्माण निश्चित है। हमें केवल शब्दों में नहीं बल्कि अपने कर्मो से यह दिखाना होगा कि हम एक जिम्मेदार और ईमानदार नागरिक हैं। यह संकल्प तभी सार्थक होगा जब हम अपने जीवन के हर क्षेत्र में इन मूल्यों को आत्मसात करें। एन.एस.एस.




कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रपाल पूनिया और डॉ. पिंकी गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक आचरण की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हैं और उन्हें एक बेहतर नागरिक बनने की राह दिखाते हैं। इस अवसर पर एन.एस.एस. के अन्य सक्रिय सदस्य श्याम रहेजा, गीती बिंद्रा, राजिन्दर मीरवाल तथा हर्षिता लाम्बा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और अभियान की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे कॉलेज परिसर में उत्साह और जोश का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता का पालन करेंगे और भ्रष्टाचार-मुक्त भारत निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे।